## खबर संक्षेप

### वीरांगना रानी दुर्गावती मूर्ति स्थापना का भूमिपूजन



**सौंसर।** क्षेत्र के ग्राम कुडडम में आदिवासी गौरव शौर्य एवं स्वाभिमान की प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति स्थापना हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है, मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप मोहड ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा सभी ग्राम वासियों को आदिवासी स्वाभिमान की प्रतीक रानी दुर्गावती जी के मूर्ति स्थापना के लिए बधाई और मंगल कामनाए देता हूं, रानी दुर्गावती के जीवन एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों से आदिवासी समाज ने प्रेरणा लेनी चाहिए,प्रतिमा स्थापना के साथ-साथ आदिवासी समाज में जन्मे हुए महापुरुषों के द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास समाज की एक जुटता के लिए जो कार्य किया है उनके कार्यों को आदिवासी समाज के साथ में युवाओं ने अपने आंखों के सामने रखकर कार्य करना चाहिए तभी हम समाज परिवार क्षेत्र और देश का सर्वांगीण विकास कर पाएंगे, इस दौरान वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले,रामाकोना मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल,सौसर मंडल महामंत्री आशीष चांडक,देवेन्द्र गायकवाड़,नामदेव ईवनाती, विवेक गायकवाड़,हरि धुर्वे, दिनेश भलावी,खेमराज सोनेकर श्रीमती यमुना हिरा मसराम, हिराजी मसराम राहुल धुर्वे,मनोज मर्सकोले,गणेश सलामे, निकेस भलावी आदि मौजूद रहे।

## एक महिला मृत, 4 बच्चे नागपुर रिफर और 17 घायल

# 20 फिट खाई में गिरी बारातियों से भरी पिकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा









गत शुक्रवार रात 11 बजे तिगांव एवं मारूड के बीच एक मोड पर दूल्हन को ब्याह कर ले जा रहे बारातियों की पिकअप पलटकर 20 फिट गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में शिवफुली मर्सकोले नामक पाढर निवासी महिला की मौत हो गई, 4 किशोर गंभीर और अन्य 17 बाराती घायल हो गए। गंभीर घायल बच्चों को नागपुर रिफर किया गया है और शेष घायलों का इलाज स्थानीय सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप क्र. में एमएच 21 बीएच 4785 में बस में 40 बाराती सवार होना बताया गया। थाना प्रभारी अजय मरकाम के अनुसार वाहन चालक फरार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बारात पडोसी तहसील वरूड क्षेत्र के ग्राम मालखेडा से पांढुर्ना तहसील के ग्राम रिंगनखापा आयी थी। आधी रात में विवाह संस्कार और समारोह के बाद बारात दूल्हन अपने साथ लेकर लौट रही थी इस दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया। दुर्घटना में घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल तक पहुंचाया गया। इस दुर्घटना में घायल बच्चों के नाम पायल धुर्वे आयु 16, टीनू वरखडे आयु 16, आदित्य इवनाती आयु 13, तथा अंश धुर्वे 11 है। इनमें से 3 बच्चों के सिर में चोट बतायी गई है। अन्य घायलों में नयन धुर्वे 18, कुणाल धुर्वे 19, रतिराम कुमारे 40, गोकुल इवना 40, सविता धुर्वे 36, कैलाश उईके 42, आशाराम सलामे 41, शारदा आहके 65, शांताबाई आहके 52, करण धुर्वे 18 तथा सुगना वट्टी 24 शामिल है।

## कोयलांचल में अवैध कारोबारियों का राज

# प्रशासन डाल-डाल, अवैध कारोबारी पात-पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

कोयलांचल में अवैध कारोबारियों की कारगुजारियों को देखकर यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा , कि यदि प्रशासन डाल - डाल है , तो अवैध कारोबार करने वाले पात - पात है ।इन पर पूर्णतः अंकुश लगाना मुश्किल जान पड़ रहा है । शिवपुरी क्षेत्र में रेत और न्यूटन में अवैध रूप से शराब बेचने वाले प्रशासन के लिए चुनौती बने हुए हैं ।अवैध कारोबार को रोकने के लिए प्रशासन भले ही गाहे - बगाहे कार्रवाई करते नजर आता है , पर ये कारोबारी भी कम नजर नहीं आते । वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आते । इनके खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाने के चलते कार्रवाई होने के बाद कुछ दिन शांत रहते हैं , फिर शुरू हो जाते हैं । प्रशासन को लगता है , कि सब ठीक - ठाक है , पर धरातल में कुछ और होता है ।

### रावनवाड़ा में जारी कोयले का अवैध उत्खनन और परिवहन

लगभग दो माह पूर्व कोयले के अवैध उत्खनन को पूर्णतः रोकने के लिए राजस्व और वेकोलि पेंच प्रबंधन ने संयुक्त रूप से कदम उठाया था और रावनवाड़ा , रावनवाड़ा खास एक पेट्रोल पंप के सामने स्थित वेकोलि की बंद कोयला खदानों की खंतियों के मुहानों को जेसीबी चलाकर बंद किया था । ताकि इन स्थानों से कोई अवैध उत्खनन कर कोयला न निकाल सके , इसके बाद इन दोनों स्थलों पर कोयले से अवैध काम से जुड़े लोगों ने भी जेसीबी लगाकर मुहानों को फिर खोल लिया और अब बड रोक टोक कोयला निकाला जा रहा है । बीते दिनों अवैध कोयले से भरी ट्रेक्टर ट्रालियां परिवहन करते पकड़ाई थीं । जिनमें भरा कोयला इन्हीं स्थलों से निकाला गया था।

### शिवपुरी क्षेत्र में जारी रेत का अवैत उत्खनन परिवहन

शिवपुरी से लगे लोहांगी , ढाला , पलटवाड़ा जैसे क्षेत्रों से रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है । यहां रात और दिन दोनों समय मौका देखकर अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है । इन कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद है , कि थाने के सामने अवैध रूप से रेत ले जाने में भी ये लोग डरते नहीं है । इन क्षेत्रों में खनिज और राजस्व की टीम के द्वारा कई बार करवाई की जा चुकी है , पर इस कारोबार से जुड़े लोग इतनी ढीढ हैं कि वे फिर से अपने काम में जुट गए हैं । जिससे प्रशासन को ना सिर्फ राजेस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि बदनामी के सामना भी करना पड़ रहा है । न्यूटन पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिमी न्यूटन में अवैध रूप से शराब बेचने वालों की संख्या इतनी अधिक बढ़ गई है।



## भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने नगर निगम कर रहा प्रयास

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा विभिन्न क्रिया कलाप किए जा रहे है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 09 स्थित खैरीभोपाल तालाब के पास भूमिगत के स्तर को बढ़ाने के लिए रिचार्ज शाफ़्ट संरचना का निर्माण किया गया। इसके निर्माण से भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे 10 रिचार्ज शाफ़्ट का निर्माण किया जा रहा है।

# थाने के सामने से जा रहा था अवैध कोयले से भरा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोयले का कारोबार करने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं , कि वे अवैध कोयले से भरे वाहन थाने के सामने से लेकर गुजरने से भी गुरेज नहीं करते हैं । शुक्रवार की शाम को भी एक पिकअप वाहन अवैध कोयला लेकर थाने के सामने से जा रहा था जिस पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार की नजर पड़ी तो उन्होंने उसका पीछा किया और पकड़ लिया , पर वाहन चालक भागने में कामयाब रहा । तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने अपनी कार्रवाई में अवैध कोयले से भरी पिकअप गाड़ी और अवैध रेत से भरे दो ट्रेक्टर जब्त किए गए हैं , जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया है ।परासिया तहसीलदार धर्मेंद्र चौकसे और नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी ने बताया , कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे उन्हें अवैध परिवहन की सूचना मिली तो वे तत्काल धर पकड़ के लिए मौके पर पहुंचे । उन्होंने पाया , कि लोहांगी क्षेत्र से एक ट्रैक्टर रेत भरकर जा रहा था । जिसे रोककर दस्तावेज़ मांगे गए , किंतु दस्तावेज नहीं पाए जाने पर ट्रैक्टर को शिवपुरी थाना लाया गया । ट्रैक्टर कमलेश यादव का बताया जा रहा है । थाने में कार्रवाई के दौरान एक पिकअप वाहन थाने के सामने से गुजर रहा था , अधिकारियों पर नजर पड़ने पर वह भागा तो नायब तहसीलदार ने उसका पीछा किया और खजरी चेतू रोड पर पिकअप वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग खड़ा हुआ । इस वाहन को थाने लाया गया और जांच के दौरान उसमें अवैध रूप से कोयला भरा मिला । यहां दोनों वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर टीम पैजनवाड़ा की ओर निकली । जहां सोनू सूर्यवंशी का ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाया गया । जिसे भी जब्त कर न्यूटन पुलिस चौकी में खड़ा किया गया है । इन सभी वाहन मालिकों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है । इस कार्रवाई से साफ जाहिर है , कि क्षेत्र में कोयला और रेत का अवैध काम करने वालों के हौसले बुलंद है । प्रशासन की कार्रवाई करने के बाद में वे नहीं मान रहे हैं और अपने कारोबार को बखूबी अंजाम दे रहे हैं ।

# एमपी के इस गांव में शराब पीना पड़ेगा महंगा, देना होगा भारी जुर्माना

### नशे के खिलाफ ग्रामीणों ने लिया बड़ा फैसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

एमपी के एक गांव ने शराब बंदी का निर्णय लेकर मिसाल पेश की है. ग्रामीणों ने सामूहिक बैठक करके ये फैसला लिया है. अब गांव में शराब पीने वालों एव बेचने वालों पर जुर्माना किया जाएगा ।शराब अधिकांश मामलों में अपराधों और घरेलू हिंसा की बड़ी वजह होती है शराब ने कई घरों को उजाड़ दिया है । कई लोगों की खुशियां छीन ली ऐसे तमाम जख्मों को झेलने के बाद एमपी के छिंदवाड़ा जिले के तहसील अमरवाड़ा खामीहिरा गांव में बड़ा निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने गांव में शराब बंदी को लेकर एक नेक पहल की शुरूआत की है गांव वालों ने शराब पीने पर और शराब बेचने वालों पर जुर्माना करने का निर्णय लिया है ग्रामीणों की इस पहल की तारीफ हो रही है। दरअसल, अमरवाड़ा के विधानसभा क्षेत्र के सिंगोड़ी से लगभग 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम खामी हीरा गांव में इस पहल की शुरुआत हुई है यहां लोगों ने बैठक कर ऐतिहासिक निर्णय लिया गांव को नशा मुक्त बनाने पर ये बड़ा कदम साबित हो सकता है ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 मई दिन शनिवार को गांव के सभी लोगों ने एकत्रित होकर एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें सभी लोगों ने एक राय होकर शराब के नशे से बर्बाद हो रही पीढ़ी और उसके दुष्प्रभाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की. सभी ग्रामीणों ने एकत्रित होकर एक निर्णय लिया कि शराब के नशे से व्यक्ति का जीवन अंधकारमय हो रहा है नशा करने वाले का पूरा परिवार बच्चे पत्नी सभी परेशान रहते हैं ग्रामीण ने एक जुट होकर शराब बंदी का निर्णय लिया है।शराब पीने वाले व्यक्ति का परिवार को आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है. साथ ही वह अपने शरीर को विनाश की ओर ले जाता है. उसके परिवार के बच्चों के साथ गांव के बच्चों में भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है. ऐसे में हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को बचाना है, और इसलिए गांव के सभी लोगों ने एक जुट होकर गांव में शराबबंदी का निर्णय लिया है।

## करणी सेना बना रही है वन्यजीवों के लिए दानापानी की व्यवस्था

**पिपलानारायणवार।** तपती धूप के चलते इन दोनों बड़े पैमाने पर घने जंगलों से जंगली जानवर पानी की तलाश में खेतों एवं शहरी ग्राममीनक्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जिसके चलते आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों के द्वारा बकरियों का शिकार भी किया जा, मिली जानकारी के अनुसारपीपला नारायणवार सिल्लेवानी घाटी के घने जंगल में वन्य प्राणियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने का का काम करणी सेना जिला अध्यक्ष उदयसिंह ठाकुर के द्वारा किया जा रहा है,क्षेत्र के घने जंगल सिलनेवानी घाटी के वन्य जीवो के लिए का पानी टाका लाकर पानी भरने की व्यवस्था की जा रही है। कुछ दिनों पहले घाटी में जानवरों को पानी के लिए इधर-उधर भटकते हुए देखा है तो उनके लिए सड़क किनारे दाना पानी की व्यवस्था कर इस गर्मी में पशु पक्षियों के बनाई जा रही है।

# देहगांव जलाशय में जनउपयोग के लिए बचा पानी का किया जा रहा दुरुपयोग

### सिंचाई विभाग ने ध्यान दिया तो मूक पशुओं को करना पड़ेगा जल संकट के सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया के सरकारी जलाशय जो जल संसाधन विभाग के अधीन है। इन जलाशयों के माध्यम से किसानों को रवि की फसल की सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाता है एवं पानी के बदले जल संसाधन विभाग शासन द्वारा निर्धारित राशि एवं शुल्क किसानों से लेता है। हाल ही में कलेक्टर महोदय द्वारा तामिया क्षेत्र को जल अभावग्रस्त घोषित किया है इस दौरान कुआ निर्माण ,बोर निर्माण नदी नालों एवं तालाबों से पानी उठाने पर रोक लगा दी गई है किंतु जल संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण ईस जलाशय में 100 से अधिक मोटर पंप रखकर खेतों में सिंचाई की जा रही है इससे न केवल जिला कलेक्टर के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं साथ ही जल संसाधन विभाग को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है एक किसान ने नाम न छापने की तर्ज पर बताया कि मूंग काटने के बाद जल संसाधन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हमारे पास आते हैं और राशि वसूल कर ले जाते हैं जिसकी अधिकांश किसानों को रसीद तक नहीं मिलती है अब बड़ा सवाल है इतनी अधिक मात्रा में मोटर रखकर तालाब का पानी खाली किया जा रहा है और विभाग के अधिकारी पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि तामिया के अधिकांश शासकीय जलाशय में अभी पर्याप्त पानी है यहां तलाव के अंदर एवं बाहर ज्यादातर किसानों ने मूंग की बोहनी कर दी है करीब डेढ़ सौ से 200 हैकटेयर का रकबा इन तालाबों से संचित किया जा रहा है इन तालाबों में ग्रामीणों के मवेशियों को पानी तक नहीं मिल पा रहा है वही किसान जल संसाधन विभाग के अधिकारियों किसानों से मालामाल हो रहे हैं अब देखना यह होगा कि विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कलेक्टर महोदय के आदेश का कितना पालन किया जा रहा है।या यू ही आदेश की धज्जियां उड़ाई जाएगी।



## 1 करोड़ 22 लाख की लागत से बनने वाले निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

**छिंदवाड़ा।** जिले के सांसद बंटी विवेक साहू ने नगर निगम में वार्ड क्रमांक 10 में लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर निगम महापौर विक्रम अहके, मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर,श्रीमति लीला भजोलिया, रमाकांत पटेल,मदन राय, वरिष्ठ नेता राजू नरोट, जगेंद्र अलडक, संतोष पटेल, पार्षद संगीता सुरेश उइके, मनोज सक्सेना, रिजवान कुरैशी, जगदीश गोदरे, विजय पाटिल, अमित माहोरे, मनोज कुशवाह उपस्थित रहे ।

## ब्रम्ह समाज युवा प्रकोष्ट के तत्वाधान में किया गया आयोजन

# 10 दिवसीय स्विमिंग क्लास व वैदिक क्लास की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



ब्रह्म समाज द्वारा बीपीएल प्रीमियम लीग के शानदार आगाज के बाद अब ब्राह्मण समाज के बच्चों को स्विमिंग क्लास एवं वैदिक क्लास का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसकी शुरुआत शनिवार से की गई है।

ब्रम्ह समाज कल्याण मंडल के अध्यक्ष विजय पांडे एवं ब्रम्ह समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोहित द्विवेदी(बंटी) ने बताया कि ब्रम्ह समाज अपने समाज के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में समाज के बच्चों के लिए वैदिक क्लास की शुरुआत की गई है। इस क्लास के जरिए बच्चे अध्यात्म से जुड़कर वैदिक ज्ञान हासिल कर सकेंगे। वैदिक क्लास का शुभारंभ ब्रह्म समाज के कल्याण मंडल भवन में आयोजित की गई।

वैदिक पाठशाला में अध्यापन का कार्य पंडित लक्ष्मीकांत द्विवेदी के द्वारा कराया जा रहा है एवं छिंदवाड़ा नगर के विभिन्न विप्र संगठनों का भी इसमें विशिष्ट योगदान है। वैदिक क्लास के प्रथम दिन मातृशक्ति सहित ब्रह्म समाज के वरिष्ट नागरिक मौजूद रहे। इसी प्रकार बच्चों के स्वास्थ को देखते हुए उन्हें स्विमिंग क्लास भी दी जा रही है। शनिवार को स्विमिंग क्लास का पहला दिन था। जिसमें बच्चों को तैराकी के हुनर सिखाए गए। स्विमिंग क्लास के पहले दिन ही बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जिसमें काफी सँख्या में बच्चे व उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। स्वीमिंग क्लास के बाद बच्चों व अभिभावकों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई।

आपको बता दें कि स्विमिंग कैंप आयोजन में ब्रह्म समाज कल्याण मंडल को रामेश्वर चौरसिया, हरिओम चौरसिया एवं विक्की चौरसिया का विशिष्ट सहयोग प्राप्त हुआ है।

## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने जन्मदिन पर जामसांवली में टेका माथा

**सौंसर।** सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए देश के विकास राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर प्रार्थना की है,मध्यप्रदेश की पूर्व



मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी उमा भारती ने अपने जन्मदिन पर न केवल भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया, बल्कि मंदिर के चल रहे निर्माण कार्यों और 'हनुमान लोक' परियोजना का भी गहन निरीक्षण किया। मंदिर पहुंचने पर साध्वी उमा भारती का चमत्कारिक हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। साध्वी उमा भारती ने भगवान श्री राम से अपने उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके बाद, मंदिर न्यास के पदाधिकारियों ने उन्हें परियोजना के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सांस्कृतिक महत्व और पर्यावरणीय संवेदनशीलता के बारे में बताया। पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी भारती ने मंदिर के गर्भ गृह के निर्माण को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें वास्तुशास्त्र और श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि मंदिर न केवल आध्यात्मिक केंद्र होना चाहिए, बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास का भी प्रतीक बने,अपने आध्यात्मिक जुड़ाव को दर्शाते हुए, उन्होंने हनुमान जी के समक्ष बैठकर श्री रामचरितमानस का पाठ किया और श्री राम-हनुमान मिलन के प्रसंग का वर्णन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिमय वातावरण में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

-:: न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा (नगर) ::-

-:इश्तहार:-

रा0प्र0क्र0....अ-6/2025-26

मौजा-छिन्दवाडा

चूंकि आवेदिका शैला कुलकर्णी पति स्व.श्री राजेश कुमार कुलकर्णी निवासी अंबेडकर वार्ड नगर जनता कॉलोनी वार्ड 21 छिन्दवाड़ा तह0 व जिला छिन्दवाडा द्वारा मौजा छिंदवाड़ा 2969/87 में से रकबा 0.0060 हे0 भूमि आवासीय भूखण्ड है, जिस पर एक पक्का स्लैब वाला भूतल एवं प्रथम तल निर्मित है। उक्त भूमि के खातेदार स्व. अरुण कुमार कुलकर्णी की दिनांक 25/03/2023 को मृत्यु हो जाने तथा मृत्यु से पूर्व दिनांक 18/03/2023 को वसीयतनामा के आधार पर मृतक खातेदार के वारसान हक में नामांतरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। एतद द्वारा उक्त संपत्ति पर हित रखने अथवा दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों/संस्थाओं हितबद्ध पक्षकारों को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त आवेदन पर उन्हें कोई आपत्ति हो या प्रश्नाधीन भूमि पर अपना दावा रखते हो तो वह स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेशी दिनांक 19/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि तथा स्थान पर उपस्थित नहीं हो पाने की अथवा दावा/आपत्ति प्रस्तुत नहीं कर पाने की दशा में अथवा पश्चात में प्राप्त होने वाले किसी भी दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

पदमुद्रा

तहसीलदार छिंदवाड़ा

## खबर संक्षेप

### एक रोज़ा हज तरबियत केम्प का आयोजन 5 मई को

हरिभूमि न्यूज सिवनी। ज़िला हज कमेटी सिवनी व सेन्ट्रल इंडिया खादिम उल हुज्जाज कमेटी सिवनी एवं हाजी मोहम्मद आरिफ अंसारी कि जानिब से एक रोज़ा हज तरबियत केम्प और टीका करण तारीख 05 मई को इंदिरा गांधी ज़िला अस्पताल में सुबह 9.30 से 10.30 तक होगा तत्पश्चात रांयल लांन बड़ी ज्यारत के पास जबलपुर रोड सिवनी में हज तरबियत केम्प शाम 5 बजे तक रखा गया है। आप तमाम आज़मीने हज से मौअद्दबाना गुज़ारिश है कि आप अपने साथ दो फोटो रंगीन सफेद बैक ग्रांउड कि लेकर आए साथ ही ब्लड ग्रुप, मोबाइल नम्बर जो आपने फार्म भरते समय दिया था और मेडिकल रिपोर्ट भी साथ लेकर आए इस हज तरबियत केम्प में सिवनी ज़िला के मास्टर हज ट्रेनर के अलावा बाहर से आने वाले मास्टर हज ट्रेनर आज़मीने हज को हज कमेटी आंफ इंडिया कि गाइड लाइन के मुताबिक प्रशिक्षित करेंगे।

# सेहत से खिलवाड़: बिना वैध डिग्री-डिप्लोमा वाले भी चला रहे दुकान, एक हजार से अधिक अवैध क्लीनिक

## जिम्मेदारों को नहीं दिख रहे हर गली-नुक्कड़ में चल रहे अवैध क्लीनिक

**मेडिकल से संबंधित बिना अधिकृत डिग्री-डिप्लोमा के जिले में एक हजार लोग निजी क्लीनिक चला रहे हैं। ये लोगों की सेहत और जान दोनों से खिलवाड़ कर रहे हैं।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पड़ोसी जिले समेत प्रदेशभर में बिना डिग्री-डिप्लोमा के इलाज करने वाले अपंजीकृत चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है, वहीं जिले में हालात जस के तस बने हुए हैं। बिना डिग्री-डिप्लोमा के इलाज कर रहे यह अपंजीकृत चिकित्सक मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इनके गलत इलाज से लोग जान भी गवां रहे हैं पर जिम्मेदार मिलीभगत के चलते चुप्पी साधे हुए हैं।

**शहर स हित ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा बिना डिग्री-डिप्लोमा वाले चिकित्सक**

ग्रामीण अंचल में सबसे ज्यादा अंपजीकृत चिकित्सक बिना डिग्री-डिप्लोमा क्लीनिक चला रहे हैं। इनमें 60 फीसदी से ज्यादा अंपजीकृत चिकित्सक एक समुदाय विशेष से संबंधित हैं, जो गांव गांव में इलाज के नाम पर अवैध रूप से दुकानें चला रहे हैं। स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदारों को इसकी जानकारी भी है पर सभी चुप्पी साधे हुए हैं।

**मजबूरी में नीम-हकीमों से करा रहे इलाज**

सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की भारी कमी है। पीड़ितों को अस्पताल पहुंचने के बाद भी इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोग मजबूरी में नीम-हकीमों के चंगुल में फंसकर जान जोखिम में डाल रहे हैं। बिना डिग्री-डिप्लोमा गलत इलाज करने से जिले में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। कर रही है।

# शहर में हुई झमाझम बारिश, ओले भी गिरे

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से मध्यप्रदेश में ओले-बारिश का दौर जारी है। जिसके चलते शनिवार को दोपहर सिवनी नगर समेत आसपास के कई गांव में तेजी हवाओं के साथ बारिश, ओलावृष्टि हुई। छपारा, लखनादौन में भी जहाँ बारिश हुई वहीं जबलपुर में भी शनिवार दोपहर 2.30 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मौसम में यह बदलाव पिछले तीन-चार दिनों से बना हुआ है। वही मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अगले कुछ दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

मई महीने की शुरुआत से ही मौसम पूरी तरह से बदला हुआ है। अप्रैल में जो तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया था वह इन दिनों 35 से 36 डिग्री पर चल रहा है। शनिवार को दोपहर तकरीबन सवा दो बजे अच्छी बरसात हुई और यह बरसात लगभग 20 मिनट तक होती रही। बरसात के साथ चने के आकार के ओले भी शहर में गिरे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इससे बड़े आकार के ओले गिरने की बात कही जा रही है। मौसम पूरी तरह से खुशनुमा हो गया है। गर्मी एक तरह से गायब हो गई है। शनिवार को सुबह से ही आसमान में बादल थे और दोपहर को 2बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया और अच्छी झमाझम बरसात हुई। शुक्रवार को भी बादल थे, लेकिन बरसात नहीं हुई थी शनिवार को हुई इस बरसात से शहर की गलियां जो कच्ची है वह कीचड़ से सन गई। वही ओलावृष्टि से सब्जी की फसल बर्बाद होने की बात कही जा रही है।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम हुए निरस्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 4 मई रविवार को होने वाली रैली और अन्य कार्यक्रम जिला ब्राह्मण समाज कोषाध्यक्ष पंडित प्रदीप तिवारी के अचानक निधन हो इस कारण कार्यक्रमों को निरस्त कर दिया गया है यह निर्णय जिला ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित आवश्यक बैठक में लिया है इस बैठक में जिला ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर शुक्ला कार्यक्रम के संयोजक पंडित राजेश त्रिवेदी जिला संयोजक अजय मिश्रा महासचिव प्रशांत शुक्ला नगर अध्यक्ष पंडित अशोक तिवारी मंदिर समिति के अध्यक्ष गीता अवस्थी श्रीमती ज्योति भार्गव जिला शाखा युवा के जिला अध्यक्ष अखिलेश पांडे राजेन्द्र दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे बैठक में पं प्रदीप तिवारी के निधन में शोक व्यक्त करते हुये मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ईश्वर मृत आत्मा को शान्ति प्रदान करे। आगामी कार्यक्रम की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

# प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक की तैयारियों की कलेक्टर सुश्री जैन ने की समीक्षा अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने आगामी 09 मई को जिले में प्रस्तावित मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक की तैयारियों की वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की।

कलेक्टर सुश्री जैन ने अधिकारियों को पुनर्गठन आयोग की बैठक के एजेंडे एवं विभागवार अपेक्षाओं से अवगत कराते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व एवं जिला अधिकारियों को प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं भौगोलिक स्थिति,सांस्कृतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जनता को आसानी से प्रशासनिक सेवाएं देने के लिए सुझावों के संबंधी तैयारियां रखने के निर्देश दिये हैं।

उन्होने बैठक के व्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं। बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, सीईओ जनपद तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# ई-के.वाय.सी.कराने की अंतिम तिथि 15 मई तक

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार ई-केवायसी पूर्ण करनें हेतु 15 मई-2025 तक की अवधि बढ़ाई गई हैं इसके पूर्व कार्यालयीन आदेश कमांक/553/खाद्य-पीडीएस/2025 सिवनी दिनांक 09 अप्रैल-2025 अनुसार 30 अप्रैल-2025 तक शतप्रतिशत ई-केवायसी पूर्ण किया जाना था। शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन लेने उपभोक्ताओं को 15 मई तक ई-केवायसी कराने का मौका दिया गया है पहले यह तिथि 30 अप्रैल 2025 तक थी जिसे बढ़कार अब 15 मई कर दी गई हैं। हितग्राही ऐप (एन्ड्राईड मोबाईल से) के माध्यम से फेस ई-केवायसी के जरिए घर बैठक ई-केवायसी करा सकते हैं। जिले में 02 मई 2025 तक 1088345 में से 937554 हितग्राहियों की ई-केवायसी हो चुकी हैं। ऐप से 16445 कुल 953999 ने ई-केवायसी कराई हैं। शेष रहे उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वह शीघ्र अपना ई-केवायसी करावें।

# विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में दसवीं परीक्षा के आधार पर विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन दिनांक 30 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर दिनांक 01 जून 2025 तक उपलब्ध रहेंगे। विभिन्न इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं वेबसाइट www.dte.mponline.gov.in पर लॉगिन कर रजिस्ट्रेशन पूर्ण करना सुनिश्चित करें. ऐसे छात्र/छात्राएं जिनका दसवीं का परीक्षा परिणाम प्रतीक्षारत है वे भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की सुविधा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी तथा एमपी ऑनलाइन कियोस्क में उपलब्ध है । अधिक जानकारी के लिए हेल्प डेस्क नंबर शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में 9329937239, 8109406225, 9424341380, 9424666641, 9993798079, 6260272805 में संपर्क कर सकते हैं।

# युवा कांग्रेस की सदस्यता अभियान एवं चुनाव लेकर हुई मीटिंग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 3 मई 2025 को मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस की सदस्यता अभियान एवं चुनाव के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी कार्यालय में मीटिंग आयोजित हुई जिसमें सिवनी जिला चुनाव अधिकारी बोगा जगदीश जी ने बताया कि मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव में नामांकन प्रकिया जारी है जो 27 अप्रैल से 6 मई 2025 तक समय निर्धारित है तत्पश्चात नामांकन की जांच कर प्रत्याशीयो को चुनाव सीरियल नंबर आवंटित किए जाएंगे उसके बाद 16 मई से 15 जून तक सदस्यता मतदान की प्रकिया शुरू होगी, नामांकन एवं सदस्यता की उम्र 18 से 35 वर्ष के युवा- युवतियां भाग



ले सकेंगे, सदस्यता शुल्क 50 रूपये निर्धारित है, चुनाव ब्लॉक कमेटी, विधानसभा कमेटी, जिला महासचिव जिलाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष के स्तर पर चुनाव प्रक्रिया अनुसार पद तय किए है, सदस्यता एवं चुनाव प्रकिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए पूरी प्रकिया ऑनलाइन रखी है with iyc ऐप के जरिए सदस्यता अभियान और मतदान प्रकिया को रखा है,

मीटिंग में जिला कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष राजकुमार खुराना । पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकुड़िया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दावेदार एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोदिया, शक्ति सिंह जडेजा, राहुल उईके, अतीक खान, आदित्य मोंटू भूरा, अभिषेक पांडे, जयप्रकाश यादव, नितिन डेहरिया, शुभम पटेल, सुरेंद्र साहू, राकेश बघेल, अर्जुन बिसेन,अंकुश कांड्रा, पीयूष कांड्रा, माधव तिरैया, धनंजय सिंह ,कुलदीप काकुड़िया, आबिद हुसैन, अभिमन्यु काकुड़ियाए अभिषेक डेहरिया, कार्तिक कांवरे, प्रखर शर्मा सहित अनेक युवा कांग्रेस साथी गण उपस्थित रहे।

# 200 पाव सफेद देशी प्लेन एवं 150 पाव देशी लाल मसाला 63 लीटर शराब एवं एक मोटर साईकिल बंडोल पुलिस ने की जप्त गई

**दिनाँक 02.05.25 को थाना प्रभारी बंडोल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जमुनिया का रज्जू बघेल सिवनी से भारी मात्रा में अवैध शराब उसकी बिना नंबर एच एफ डिलक्स मोटर सायकल मे प्लास्टिक की बोरी और बैग में रखकर जमुनिया लेकर जा रहा है**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




सूचना पर थाना प्रभारी बंडोल उनि. अर्पित भैरम के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर रवाना होकर जमुनिया रोड पर ग्राम चोरगरठिया मे वेयर हाऊस के पास हमराह स्टाफ के नाकाबंदी किया जो उक्त मो.सा. बिना नं. की जिसमे सामने टंकी के ऊपर एक प्लास्टिक की बोरी एवं 02 नीले बैग लिये एक व्यक्ति मो.सा. चलाते हुये आया जिसे रोक कर उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम रज्जू पिता नारायण सिंह बघेल उम्र 39 साल निवासी जमुनिया थाना बंडोल का रहने वाला बताया तलाशी पर मो.सा. बिना नं. की टंकी के ऊपर पीले रंग की प्लास्टिक की बोरी एवं पीछे बंधे हुये नीले रंग के 02 बैग को चैक करने पर 200 पाव सफेद देशी प्लेन एवं 150 पाव देशी लाल मसाला कुल 63 लीटर देशी शराब कीमती 32500/- रूपये मिली और शराब बेचने के संबंध में कोई वैध लायसेंस का होना नही बताया। आरोपी के कब्जे से 63 लीटर देशी शराब एवं एक मो.सा. हीरो एच.एफ. डिलक्स बिना नं. की कीमती करीबन 20000/- रू.को जप्त कर शीलबंद कर कब्जा पुलिस में लिया गया एवं धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

# घंसौर टोल प्लाजा बना दोपहिया चालकों के लिए बन रहा सिरदर्द!

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**सिवनी जिले के घंसौर जनपद अंतर्गत हाल ही में एक टोल प्लाजा का निर्माण घंसौर के पास किया गया है। यह टोल प्लाजा भले ही सरकार और संबंधित एजेंसियों की दृष्टि में एक विकासात्मक परियोजना हो, लेकिन आमजन, खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह टोल एक बड़ी परेशानी का सबब बन चुका है।**

जिस उद्देश्य से यह टोल बनाया गया, यानी कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और राजस्व संग्रह करना, वह उद्देश्य टू व्हीलर चालकों की कठिनाइयों के आगे कहीं फीका पड़ता नजर आता है।

**टू व्हीलर चालकों के लिए नहीं है कोई सुगम मार्ग**

टोल प्लाजा की संरचना को अगर नजदीक से देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि निर्माण के दौरान सिर्फ भारी वाहनों और चार पहिया गाड़ियों की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। दोपहिया वाहनों के लिए कोई अलग से निर्धारित लेन या निकासी मार्ग नहीं बनाया गया है। नतीजतन, टू व्हीलर वाहन चालकों को भारी वाहनों के बीच से होकर निकलना पड़ता है, जो न केवल असुविधाजनक है, बल्कि बेहद खतरनाक भी।

एक आमदिन पर जब सुबह-शाम कार्यस्थलों, खेतों या स्कूलों के लिए लोग निकलते हैं, तब इस टोल पर दोपहिया वाहनों की कतारें देखने को मिलती हैं। लेकिन उनके लिए कोई स्पष्ट रास्ता नहीं होने के कारण कई बार छोटे वाहन चालकों को ट्रकों और बसों के बीच फंसकर निकलना पड़ता है।

टोल प्लाजा से प्रभावित लोगों ने इस मुद्दे को कई बार स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया है। एक स्थानीय किसान कहते हैं, "मैं रोज सुबह खेत जाता हूं। बाइक से जाना ही पड़ता है लेकिन जब टोल पर आता हूं तो कई बार तो गिरते-गिरते बचा हूं।"

महिलाएं जो स्कूटी से स्कूल जाती हैं, उनके लिए ये टोल और भी ज्यादा डरावना है। न लेन है, न साइन बोर्ड। कई बार ट्रकों के बीच से निकलते समय कोई देखता भी नहीं है।"

**विकास या परेशानी का प्रतीक?***

यह सवाल लगातार उठ रहा है कि क्या यह टोल वास्तव में विकास का प्रतीक है या आमजन के लिए एक नई परेशानी? जहां एक ओर टोल प्लाजा के जरिए राजस्व संग्रह हो रहा है, वहीं दूसरी ओर हजारों आम नागरिकों की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार, प्रत्येक टोल प्लाजा पर सभी प्रकार के वाहनों के लिए अलग-अलग लेन होनी चाहिए। लेकिन घंसौर टोल पर यह मानक पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। टू व्हीलर चालकों के लिए कोई सुरक्षित व्यवस्था नहीं की गई है, जो कि सीधा नियमों का उल्लंघन है।

***प्रशासनिक लापरवाही या नजरअंदाजी?***

लेकिन यदि मौके पर जाकर देखा जाए, तो यह साफ होता है कि टू व्हीलर चालकों की सुविधा की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह निर्माण केवल चार पहिया और भारी वाहनों को ध्यान में रखकर किया गया है।

**समाधान की जरूरत**

इस समस्या से निपटने के लिए कुछ जरूरी कदम तुरंत उठाए जाने चाहिए: 1. **टू व्हीलर वाहनों के लिए अलग लेन का निर्माण** – टोल प्लाजा पर दोपहिया वाहनों के लिए एक सुरक्षित, अलग, और निशानित लेन बनाई जानी चाहिए जिससे वे आसानी से टोल पार कर सकें। 2. **सुरक्षा संकेतकों की स्थापना** – टू व्हीलर मार्ग को चिन्हित करने के लिए स्पष्ट साइन बोर्ड और रिफ्लेक्टिव संकेतक लगाए जाने चाहिए। 3. **सुरक्षा कर्मियों की तैनाती** – टोल पर ऐसे कर्मचारी तैनात किए जाएं जो दोपहिया चालकों को सही मार्ग दिखाएं और दुर्घटनाओं से बचाएं। 4. **स्थानीय प्रशासन की निगरानी** – जिला प्रशासन को इस टोल की नियमित समीक्षा करनी चाहिए और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान करना चाहिए।

**समस्या के दुष्परिणाम**

इस टोल प्लाजा के कारण आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई बार दोपहिया वाहन ट्रकों के पिछले हिस्से से टकरा जाते हैं या फिर अचानक ब्रेक लगने पर पीछे से आने वाला वाहन टकरा जाता है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब सड़कों के किनारे कीचड़ और पानी भर जाता है, और टू व्हीलर चालकों के पास किनारे से निकलने का विकल्प भी नहीं रहता।

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपेक्षाएं**

इस समस्या को लेकर स्थानीय लोग अपने जनप्रतिनिधियों से भी निराश हैं। टोल से आना जाना होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब यह समय की मांग है कि क्षेत्रीय विधायक, सांसद और पंचायत प्रतिनिधि इस मुद्दे को गंभीरता से लें और टोल प्रबंधन व प्रशासन पर दबाव बनाएं ताकि जनता को राहत मिल सके।

घंसौर ग्वारी के पास बने इस टोल प्लाजा ने दोपहिया वाहन चालकों की जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। यह एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जहां विकास के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती हैं, लेकिन जमीन पर उन योजनाओं का क्रियान्वयन आम जनता के हितों को नजरअंदाज करके किया जाता है। सरकार और प्रशासन से अपेक्षा की जाती है कि वे जनता की इन समस्याओं को गंभीरता से लें और ऐसा समाधान निकालें जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विकास तभी सार्थक है जब वह सबके लिए सुविधाजनक और समावेशी हो। टू व्हीलर चालक भी समाज का एक बड़ा हिस्सा हैं, और उनके अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# ग्राम पंचायत चॉवडी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्थानीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही अधिकतम नागरिकों को अभियान से जोडने के लिए दीवार लेखन, नारे, रैलियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार की गतिविधियां की जा रही हैं। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत चाँवडी में जल संरक्षण अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें जन अभियान परिषद द्वारा शुक्रवार 02 मई को सुबह चाँवडी में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक बावड़ी में श्रमदान के माध्यम साफ-सफाई की गई। इस अभियान में स्थानीय जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा बावड़ी से प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं कचरा निकाला गया साथ ही जन समुदाय को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रति जागरूक करने एवं अभियान के प्रचार प्रसार हेतु ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चाँवडी द्वारा जल चौपाल एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं जल संरक्षण की शपथ तथा स्वच्छता की दिलाई गई।

# 4 मई को ओपनिंग सेरेमनी छपारा के कोने-कोने तक पहुंचा आमंत्रण

**छपारा हरिभूमि।** नगर में सर्व सुविधायुक्त राधिका टाउन कालोनी का 4 मई दिन रविवार को ओपनिंग सेरेमनी किया जा रहा हैं। जिसमें छपारा नगर के कोने-कोने तक आमंत्रित किया गया है यह रेरा अप्रूव्ड कालोनी है जिसमें अंडरग्राउंड नालियां, पानी की टंकी, 80% फाइनेंस सुविधा उपलब्ध, चौड़ी सीसी सड़क, बच्चों के मनोरंजन के लिए गार्डन की सुविधा, स्ट्रीट लाइट, स्विमिंग पूल एवं जिम जैसी आवश्यक सेवाएं दी जा रही हैं। राधिका टाउन कालोनी में 4 मई को ओपनिंग में पधार कर अपने सपनों का घर हेतु बुकिंग प्रारंभ की जा रही है। सुकून एवं आरामदायक घर का सपना अब राधिका टाउन कालोनी में पूरा किया जा सकता है जहां सिवर लाइन अंडरग्राउंड है स्ट्रीट लाइट गार्डन कालोनी का आकर्षक भव्य स्वागत द्वार जैसी सुसज्जित राधिका टाउन कालोनी पर 4 मई से बुकिंग प्रारंभ की जा रही है।

# "गिफ्ट अ डेस्क" अभियान से जुड़कर अधिकारी-कर्मचारियों ने प्राथमिक शाला कोहका में गिफ्ट की 13 डेस्क

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिले के शासकीय विद्यालयों की सुविधाओं का उन्नयन कर जन भागिदारी से अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे के लिए डेस्क उपलब्ध कराने की मुहिम की जा रही है। सिमें सहभागिता करते हुए जनपद सिवनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद सिवनी सुश्री रेखा देशमुख के निर्देशन में प्राथमिक शाला कोहका में 13 डेस्क गिफ्ट की। अपने लिए डेस्क पाकर अध्यनरत सभी बच्चों के चेहरे खिल गये। सभी ने नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के 1367 प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छोटे बच्चों के लिए अनुमानित 20347 डेस्क दानदाताओं से उपलब्ध कराने की "गिफ्ट अ डेस्क" मुहिम चलाई जा रही है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की जिले के फर्नीचर निर्माताओं के साथ हुई बैठक में फर्नीचर निर्माताओं द्वारा 2200 रूपयें के लागत मूल्य पर ही विद्यालयों में आवश्यकतानुसार गुणवत्तायुक्त फर्नीचर उपलब्ध कराने की सहमति दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों से अभियान में शामिल होकर स्वेच्छा से अपनी इच्छानुसार स्कूलों में डेस्क उपलब्ध कराने की अपील की गई है। गिफ्ट अ डेस्क अभियान से जुड़ने के लिए नागरिकगण https://sites.google.com/view/gift-desk/home पर अपना पंजीयन करा सकते हैं तथा पंजीयन उपरांत जिला स्तरीय कॉल सेंटर से संपर्क किये जाने पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उक्त लिंक पर स्कूलों, आवश्यक डेस्क की जानकारी के साथ ही फर्नीचर निर्माताओं की सूची भी उपलब्ध है।



## गांव में करीब 8 घंटे तक बनी रही तनाव की स्थिति : उपद्रवी तत्वों ने किया पथराव, पुलिस वाहन में तोड़फोड़

# बाघ ने 53 वर्षीय शख्स का किया शिकार!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले की तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 50 किमी दूर गोरेघाट सर्किल के ग्राम कुड़वा में शनिवार 03 मई की सुबह करीब साढ़े 06 के आस-पास हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने गांव के भीतर घुसकर खेत में जंगली सुअर से फसलों की रखवाली करने के लिए जगवाली कर रहे एक शख्स को मौत के घाट उतार दिया है. मृतक की पहचान प्रकाश पाने (उम्र 53 वर्ष) के रूप में हुई है. इस घटना के बाद ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई. सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा लेकिन इससे पहले ही गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. दरअसल, वन्य प्राणी बाघ को बीते तीन दिनों से गांव के नजदीक देखा जा रहा था. बाघ ने गांव में एक बकरी का शिकार किया था. जिसकी सूचना कार्यपालक वनपाल (बीट गार्ड) गुलाब सिंह उइके को दी गई थी. उन्होंने इस घटना के बाद ग्रामीणों से कहा था कि बकरी का ही तो शिकार किया है कोई इंसान थोड़ी मारा है. उनके इस बयान के ठीक 48 घंटे बाद वन्य प्राणी बाघ ने इंसानी शिकार की घटना को अंजाम दिया. जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने इस घटना के लिए कार्यपालक वनपाल (बीट गार्ड) को कथित तौर पर दोषी माना और उसे सबक सिखाने की बात करने लगें. जैसे ही यह जानकारी बीट गार्ड को लगी तो वह ग्रामीणों से गुस्से से बचने के लिए कुड़वा गांव छोड़कर गोरेघाट की तरफ भाग गया. जिससे घटनास्थल पर पहुंचे वन विभाग को स्थानीय और आस-पास के गांवों के ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा. गांव में भयंकर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. ग्रामीण बीट गार्ड को घटनास्थल पर लाने की मांग पर अड़ गए. ऐसे में पुलिस ने बीट गार्ड को गोरेघाट से कुड़वा लाया बीट गार्ड के कुड़वा पहुंचते ही ग्रामीणजन एकदम से भड़क गए और बीट गार्ड से मारपीट की



कोशिश करने लगे. जिसकी सुरक्षा कर रहे पुलिस को भी ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा. गुस्साई भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने छिपकर पुलिस पर पथराव किया जिससे एक पुलिस कर्मी नागेश बघेल के सिर पर चोट आई और वह घायल हो गए. वहीं गुस्साई भीड़ के साथ पुलिस की झुमाझपटी भी हुई. भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की गई. हालांकि पुलिस ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए स्थिति को सामान्य किया और घटनास्थल पर ही मृतक के शव का पीएम किया गया. पीएम के बाद मृतक परिवार को विधायक की मौजूदगी में वन विभाग ने तत्काल 25 हजार रुपए की नगद अंतेष्ठि सहायता राशि और 08 लाख रुपए की राशि खाते में जमा कराई गई शेष 17 लाख रुपए की राशि शासन के आदेश प्राप्त होने पर पीड़ति परिवार को प्रदान करने का लिखित में भरोसा दिया गया. जिसके बाद मृतक का अंतिम संस्कार हुआ।

### सुबह 03 बजे खेत गए थे पिता-पुत्र

जानकारी अनुसार प्रकाश पाने एक विवाह समारोह से लौटने के बाद अपने पुत्र शुभम पाने के साथ मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि करीब साढ़े 03 बजे घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित अपने खेत में लगी धान की फसल को जंगली सुअरों से सुरक्षित बचाने के लिए जगवाली करने के लिए गए थे. यहां पिता-पुत्र ने मिलकर जंगली सुअरों को खेत से भगाने के लिए फटाखे फोड़े. ऐसा करते हुए सुबह करीब 04 बज गए. पुत्र शुभम ने बताया कि पिता ने उसे घर जाने के लिए कह दिया और स्वयं खेत में बनी झोपड़ी में ही ठहर गए. सुबह करीब साढ़े 06 बजे प्रकाश पाने की धर्मपत्नी सुबह होने पर पति घर क्यों नहीं आए यह देखने के लिए खेत की तरफ गई तो वन्य प्राणी बाघ प्रकाश पाने का शिकार कर चुका था और शव के पास ही बैठा था. प्रकाश पाने की पत्नी ने बताया कि बाघ ने उन्हें देखकर दहाड़ लगाई. जिसे सुनकर उनके बेटे ने अपनी मां से वापस आने के लिए कहा और गांव में शोर मचाया. शोर सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो बाघ शव को छोड़कर कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल के नजदीक से होकर जंगल की तरफ चले गया. जिसे ग्रामीणों के द्वारा देखा गया।

### विधायक और पूर्व सांसद भी घटनास्थल पहुंचे

कुड़वा में वन्य प्राणी बाघ के द्वारा इंसानी शिकार किए जाने की सूचना मिलने पर विधायक



गौरव सिंह पारधी, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रियंका परते घटनास्थल पर पहुंचे. विधायक ने पूरा समय यानी करीब 04 बजे तक गांव में रहकर पुलिस के साथ स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश की. वह लगातार आक्रोशित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए माहौल को शांत कराते हुए नजर आए. हालांकि विधायक को भी ग्रामीणों ने खरी-खोटी सुनाई. मगर, ग्रामीणों की हर बात को सुनते हुए विधायक ने सूझबूझ का परिचय दिया और गुस्साएं ग्रामीणों को शांत करवाया. विधायक ने पीड़ति परिवार से मुलाकार कर हादसे पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को हर संभव सरकारी मदद पहुंचाने का भरोसा दिलाया. पूर्व सांसद ने भी घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया. उन्होंने भी पीड़ति परिवार से मुलाकात की. जिला पंचायत सदस्य सुश्री प्रियंका परते घटना की जानकारी मिलते ही सुबह 07 बजे कुड़वा पहुंच गई थी. वह विभाग के अधिकारियों से लगातार संपर्क कर शीघ्र ही घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई हो यह सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास कर रही थी।

### गांव के आस-पास भटक रहा बाघ

वन्य प्राणी बाघ के द्वारा इंसानी शिकार की घटना को अंजाम देने के बाद ग्रामीणों ने बाघ को गांव से दूर भगाने की मांग की. दरअसल, बाघ शिकार करने के बाद गांव से करीब 300 मीटर की दूरी के आस-पास ही जंगल में विचरण करते हुए देखा गया. वन विभाग ने ड्रोन की सहायता से जब जंगल के भीतर बाघ की तलाश की तो बाघ को झाड़ियों के बीच में बैठा देखा. इस घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है. वन विभाग की टीम मौके पर डटी हुई है ताकि अब फिर से कोई अप्रिय घटना ना हो. घटनास्थल से कुछ दूरी पर वन विभाग ने एक पिंजरा भी लगाया है. वहीं ग्रामीण हर हाल में वन्य प्राणी को गांव से दूर भगाने की मांग पर अड़े है बता दें कि अगर अब पुनः कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो पुलिस और वन विभाग का इस गांव में घुसना मुश्किल हो सकता है।

### भारी पुलिस बल रहा तैनात

कुड़वा ने वन्य प्राणी बाघ के द्वारा इंसानी शिकार की घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई. जिस पर नियंत्रण पाने के लिए महकेपार, तिरोड़ी, कटंगी, खैरलांजी, वारासिवनी, रामपायली और बालाघाट पुलिस लाइन से पुलिस बल को मौके पर बुलाना पड़ा. इनके अलावा एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, कटंगी एसडीओपी विवेक शर्मा, वारासिवनी एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी वारासिवनी हेमंत नायक, कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल सूर्या, खैरलांजी थाना प्रभारी रामसिंह, रामपायली थाना प्रभारी पंकज दीवान और ब्रज वाहन मौके पर पहुंचा. इन अलावा तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले, नायब तहसीलदार श्रुति जैन, एसडीओ फारेस्ट बी.आर. सिरसाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार, खैरलांजी वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपचंद वासनिक, वारासिवनी वन परिक्षेत्र अधिकारी छत्रपाल सिंह जादौन, बालाघाट उड़दस्ता की टीम और बड़ी संख्या में वन अमला भी मौजूद रहा।

### वन्य जीव अस्पताल और संसाधनों की कमी

प्राकृतिक संसाधन से परिपूर्ण बालाघाट जिले का करीब 53 प्रतिशत हिस्सा वनों से घिरा हुआ है. यह जिला कान्हा नेशनल पार्क के लिए दुनिया भर में मशहूर है. वहीं यहां पर वन्य प्राणियों की संख्या भी काफी तादाद में है. बावजूद इसके जिला मुख्यालय बालाघाट में वन्य प्राणियों के चिकित्सा के लिए एक वन्य जीव अस्पताल नहीं है, रेस्क्यू टीम की कमी है. यह व्यवस्था केवल पार्कों में ही मौजूद है. वन्य प्राणियों के साथ होने वाले किसी भी तरह के हादसे के बाद कान्हा पार्क से रेस्क्यु टीम और चिकित्सकों को बुलाना पड़ता है. इसके अलावा जिले का वन विभाग संसाधनों की कमी से जूझ रहा है. आज जब कुड़वा गांव में बाघ को गांव के भीतर देखा तो इसके रेस्क्यू करने की मांग तेजी से उठने लगी. मगर, विभाग पूरी तरह से खामोश ही बना रहा. खैर, अब तक बालाघाट जिले के किसी भी जनप्रतिनिधि ने जिले में वन्य प्राणियों के लिए संसाधन युक्त रेस्क्यू टीम की मांग नहीं उठाई है।

---

#### तीन प्रभार, नियंत्रण में नहीं हैं रेंज, अवैध कटाई जारी

## बालाघाट के लाडले रेंजर पर वरिष्ठ अधिकारी मेहरबान

### वन परिक्षेत्र हट्टा में नहीं रूक रही अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में स्थित दक्षिण वनमंडल सामान्य के अंतर्गत स्थित हट्टा वनपरिक्षेत्र सामान्य में स्थित गोदरी सर्किल परिक्षेत्र सहायक आवास के समीप भारी मात्रा में सागौन की अवैध कटाई होने के समाचार मिले हैं। बताया जाता हैं कि इन क्षेत्रों में ईमारती वृक्षों की अवैध कटाई को रोकने के लिए वनविभाग का अमला गंभीर नहीं हैं क्योंकि हट्टा वन परिक्षेत्र पिछले लगभग दो वर्षों से बालाघाट रेंज के परिक्षेत्र अधिकारी धमेन्द्र बिसेन के प्रभार में हैं। उनके द्वारा उक्त रेंज में दौरा नहीं किया जाता हैं यहीं कारण हैं कि हट्टा वनपरिक्षेत्र में पदस्थ डिप्टी रेंजर भी अवैध कटाई व चोरी रोकने में काई रूचि नहीं दिखाते हैं। ज्ञात हो जब तक हट्टा वनपरिक्षेत्र में किसी भी रेंजर को पदस्थ नहीं किया जायेगा तब तक अवैध कटाई नहीं रूकेगी तथा विभागीय कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य भी नहीं होंगे।

### तीन स्थानों पर हैं प्रभार

यहां यह उल्लेख करना आवश्यक हैं कि मुख्यवनसंरक्षक के विशेष कृपापात्र रेंजर धमेन्द्र बिसेन इस समय तीन जगहों पर प्रभार हैं। इस समय उनके पास मुख्य वनसरंक्षक उड़नदस्ता एवं हट्टा वन परिक्षेत्र तथा बालाघाट रेंज हैं, तत्कालिन मुख्यवनसंरक्षक श्री ए.पी.एस. सेंगर द्वारा क्यों कृपा की गई थी,यह जिले में जनचर्चा हैं। हालांकि चौकी प्रभार लौगुर वनपरिक्षेत्र का प्रभार कुछ दिनो पूर्व हटा लिया गया था। जानकार सूत्रों का मानना हैं कि चार जगहों पर प्रभार के रहते श्री बिसेन द्वारा भारी कमाई की गई हैं। उनके प्रभार में रहते लौगूर रेंज हट्टा रेंज तथा बालाघाट रेंज में कराये गये विभागीय कार्यों तथा भवनों की उच्चस्तरीय जांच कराई जावें तो बड़ा घोटाला होने से इंकार नही किया जा सकता।

## मौसम का बदला मिजाज : तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में मौसम ने करवट ली है। शनिवार को दोपहर 2 बजे के बाद मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज हवाएं चलीं और 3 बजे के बाद जोरदार बारिश शुरू हो गई। 27 अप्रैल से जिले में दिन में गर्मी और शाम को आंधी-तूफान का दौर चल रहा है। 3 मई को मुख्यालय समेत कई इलाकों में मौसम का असर दिखा। तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। इससे आम की फसल प्रभावित हुई है।

मौसम विभाग ने बिजली गिरने, हल्का तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है। विभाग ने पहले ही 30 अप्रैल से 4 मई के बीच आंधी-तूफान, बिजली और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की भविष्यवाणी की थी।

मौसम में बदलाव से तापमान में गिरावट आई है। पारा 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मई में आमतौर पर यह 40 डिग्री के करीब रहता है। बारिश से गर्मी से राहत मिली है। धान की खेती के लिए यह बारिश फायदेमंद साबित हो रही है।

## एसडीएम, क्षेत्रीय किसानों और पठार संघर्ष समिति की हुई बैठक, राजीव सागर डैम का पानी छोड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित बावनथड़ी नदी में 5 मई को सुबह 11 बजे राजीव सागर डैम का पानी छोड़ा जाएगा। यह निर्णय एसडीएम, क्षेत्रीय किसानों और पठार संघर्ष समिति की बैठक में लिया गया।

बावनथड़ी नदी के सूखने से दोनों राज्यों के करीब 40 गांवों में जलस्तर गिर गया था। इससे लोगों और पशुओं के लिए पीने का पानी और खेतों की सिंचाई में समस्या आ रही थी। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था।

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने किसानों और पठार संघर्ष समिति के साथ बैठक की। इस बैठक में राजीव सागर परियोजना के एसडीओ और उपयंत्री भी मौजूद थे। पानी छोड़ने के निर्णय के बाद पठार संघर्ष समिति ने बोनकट्टा बैरियर पर होने वाले धरना प्रदर्शन और चक्काजाम को स्थगित कर दिया है।



पठार संघर्ष समिति के संयोजक और आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े ने बताया कि उन्होंने प्रशासन से राजीव सागर डैम से पानी छोड़ने की मांग की थी। मध्यप्रदेश के भोंडकी, बड़पानी, महकेपार से लेकर महाराष्ट्र के चांदमारा, लोभी, डोंगरीबुजुर्ग समेत दोनों राज्यों के 40 से अधिक गांवों को इस निर्णय से राहत मिलेगी।

### सामूहिक श्रमदान से तालाब की सुंदरता को निखारा

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान निरंतर क्रियाशील है। जिसमे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण संदेश दिया जा रहा है। शनिवार को मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बालाघाट द्वारा पाथरवाडा में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथरवाड़ा, नवांकुर संस्था वसुंधरा ग्राम सेवा समिति के पदाधिकारी, जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पाथरवांडा के ग्राम पंचायत के पास सुबह 8 बजे तालाब में पहुंचे। गांव के वरिष्ठ जनों से पीढ़ी संवाद किया और जाना कि पहले तालाब में कितना पानी रहता था। गांव के जल की स्थिति को जानकर तालाब में श्रमदान किया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयी बैजयंती कटरे ने कहा कि हम देख रहे हैं कि पहले तालाब, कुआं, बावडी में पानी भरा हुआ रहता था, लेकिन अब हम देख रहे हैं जल की वास्तविक स्थिति।

## निरीक्षण : कलेक्टर ने तालाब की पीचिंग में खामियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने शनिवार को बूढ़ी के समता तालाब का निरीक्षण किया। तालाब की पीचिंग में खामियां मिलने पर उन्होंने नगरपालिका और ठेकेदार को सुधार के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने भटेरा में निर्माणाधीन आरओबी का भी निरीक्षण किया। भटेरा के आखिरी छोर पर चल रहे कार्य में कोई समस्या नहीं है। निर्माण कार्य जब बस्ती से होकर शहर की ओर बढ़ेगा, तब यातायात के लिए डायवर्जन की आवश्यकता होगी।

एसडीएम गोपाल सोनी, सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया, सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ कलेक्टर ने डायवर्जन मार्ग का निरीक्षण किया। डायवर्जन मार्ग संकरा होने से बसों के आवागमन को देखते हुए भटेरा में अस्थायी बस स्टैंड बनाया जाएगा।

आरओबी निर्माण में आने वाली पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए निर्माण एजेंसी को नगरपालिका में राशि जमा करनी होगी। डेंजर रोड बायपास के मजबूत निर्माण के लिए शासन से अतिरिक्त धनराशि मांगी गई है। वर्तमान में वहां बेरिंग कोड का काम पूरा हो चुका है।



### जल गंगा संवर्धन अभियान की एक और पहल, मंगेझरी तालाब में श्रमदान कर दिया जनजागरूकता का संदेश

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निरंतर गतिविधियों का क्रियान्वयन कर जल संरक्षण का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड वारासिवनी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मंगेझरी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत शनिवार को मगेझरी में तालाब के घाट की साफ-सफाई कर गाद कचरा निकलने के लिए लगभग 3 घंटे तक श्रमदान किया गया। इसके साथ ही जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।संगोष्ठी में ग्रामीणजनों से चर्चा करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ने कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल के विभिन्न स्थानों जैसे कुआं बावड़ी तालाब आदि को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए। उन्होंने कहा जिस प्रकार मप्र शासन द्वारा जगह जगह जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

#### बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक बना कार्यक्रम

## गढ़ी में लाडली लक्ष्मी बेटी उत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज गढ़ी ।



ग्राम पंचायत गढ़ी में गुरुवार को लाडली लक्ष्मी बेटी उत्सव दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, लाडली लक्ष्मी योजना की लाभार्थी बालिकाएँ तथा उनकी माताएँ शामिल हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी व मुख्य अतिथियों में वार्ड पंच श्रीमती सुनीता पटेल, श्रीमती उर्मिला रंधवे, डॉ. अमित पाटिल, रोशनी परवार और द हंगर प्रोजेक्ट से चंद्रकांता भौतेकर एवं धनोता मरकाम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रमी बैस, नेहा श्रीवास्तव, शितेश्वरी रंधवे, शारदा मेरावी, सरिता यादव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सरपंच रोशनी मेरावी ने बेटियों से जुड़े सामाजिक मुद्दों जैसे बाल विवाह, जन्य राज्यों में पलायन, और उत्पीड़न पर गंभीर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज और पंचायत को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी बेटियों न केवल सुरक्षित रहें, बल्कि शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़े। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर ड्रॉपआउट रोकने और उच्च शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में डॉ. अमित पाटिल ने लाडली लक्ष्मी योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पौजना वर्ष 2007 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई थी, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को जन्म से लेकर शिक्षा और विवाह तक आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें समाज में सशक्त बनाना है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत जन्म के बाद पाँच वर्षों तक रू6,000 प्रतिवर्ष की जमा राशि दी जाती है तथा 5वीं, 9वीं, 11वीं और 12वीं में क्रमशः रू2,000, रू4,000, रू6,000 प्रदान किए जाते हैं व 21 वर्ष की आयु पूरी होने और अविवाहित रहने पर रू १ लाख की राशि दी जाती है। डॉ. पाटिल ने यह भी कहा कि यह योजना बेटियों को भविष्य की सुरक्षा देने के साथ-साथ माता-पिता को भी उनके पालन-पोषण और शिक्षा के लिए प्रेरित करती है।

कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक गीतों और नृत्य ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। उपस्थित ग्रामवासियों और माताओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे बेटियों के सम्मान का उत्सव बताया। ग्राम पंचायत गढ़ी द्वारा आयोजित यह उत्सव न केवल एक सामाजिक आयोजन था, बल्कि यह बेटियों की गरिमा, सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सार्थक पहल के रूप में याद किया जाएगा।

#### नीट परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

## जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर 2973 विद्यार्थियों के लिए आज होगी नीट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में शुक्रवार को 4 मई को होने वाली एटीए नीट (यूजी) 2025 परीक्षा के सफल आयोजन के संबंध में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल नायक, जिला नोडल अधिकारी एवं डीएलसीसी सदस्य की अध्यक्षता में नीट संबंधी मुख्य बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि रविवार को जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित होना है। ई। परीक्षा केंद्रों पर 2973 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं के सम्बंध में निर्देशित किया गया। इसके लिए समस्त परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष एवं उप केन्द्राध्यक्ष तथा आब्जर्वर नीट परीक्षा को सफलतापूर्वक करवाने में अपना पूर्ण योगदान सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला सूचना अधिकारी श्री सुभाष चन्द्र ठाकरे, डीईओ श्री एके उपाध्याय, जिला पुलिस प्रतिनिधी एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहें।

### इन केंद्रों पर आयोजित होगी नीट परीक्षा

नीट परीक्षा जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। जिसमें सीएम राइज बालाघाट, पीएम श्री बालाघाट, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी, शासकीय एक्सीलेंस बालाघाट, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, पीजी कॉलेज बालाघाट, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं एमएलबी बालाघाट शामिल है।

### बनाए कंट्रोल रूम

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित नीट परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किये गए है। कलेक्ट्रेड कार्यालय के कक्ष क्रमांक 129 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमे अधिकारी/कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम में एडीएम श्री जीएस धुर्वे (9893776550), डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल नायक (9329306270), अधीक्षक श्री एसके बनवाले (9827953134), सहायक ग्रेड 2 केके सोनवाने (9893785066), सौरभ गनवीर सहायक ग्रेड 3 (7697866886) और सहायक ग्रेड 3 राजेन्द्र मस्करे (9669572548) से संपर्क किया जा सकता है।